**13 व्यक्तियों पर जुर्माना :** गंदगी फैलाने पर 13 लोगों पर शनिवार को स्वास्थ्य अमले ने स्पॉट फाइन लगाया। इनमें पवन श्रीमाल बाजना बस स्टैंड व संजय पंवार पर 3000 रुपए, लक्की कार डेकोर पर 2000 रुपए, गंगा स्वीट्स पर 1000 रुपए, यादव रेस्टोरेंट पर 750 रुपए, कैलाश, जितेंद्र, नरेंद्र, राजेश बाजना बस स्टैंड पर 500 रुपए, राज डेंटिंग, विक्रम सिंह महू रोड, योगेंद्र सिंह, भेरूनाथ नमकीन पर 250 रुपए, का जुर्माना लगाया गया।

# 510 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

3-1-2021

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 1 जनवरी तक 510 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 1 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 510 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 01 जनवरी को बाजना बस स्टैण्ड व दीनदयाल नगर से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा। स्वच्छंद रूप में विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत छाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।



रतलाम में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते हुए नागरिक। ● नईदुनिया

सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेंटर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, कई नागरिक अपने स्तर पर भी सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ ...9.....दिनांक...3...1......2021

## 512 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 512 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को चांदनी चौक व तोपखाना से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के निर्देशन में की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 13 दिनांक 3-1 2021

# सर्व सुविधायुक्त जलकर काउन्टर प्रारंभ
## निगम आयुक्त झारिया ने संपत्तिकर काउन्टर निर्माण कार्य तेजी से करने के दिये निर्देश

इन्दौर समाचार 3-1-2021



रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रिनोवेटेड जलकर काउंटर भवन का निरीक्षण कर वहां सभी सुविधाऐं पूर्ण पाये जाने पर नये साल 1 जनवरी 2021 पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित को दिये। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः रिनोवेटेड जलकर काउन्टर का निरीक्षण निगम अधिकारियों के साथ कर वहां पर कर्मचारियों के बैठने हेतु फर्नीचर व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाऐं पूर्ण पाये जाने पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश दिये साथ ही फायर ब्रिगेड में संचालित अस्थाई काउन्टर बंद करने के निर्देश दिये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने जलकर काउन्टर के पास निर्मित किये जाने वाले संपत्तिकर काउन्टर भवन स्थल का निरीक्षण कर पुराने ले आउट के स्थान पर बड़ी साईज के संशोधित ले आउट का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्वक किये जाने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर वर्कशॉप का निरीक्षण कर निगम के वाहनों की मरम्मत का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि निगम के सभी वाहन चालू स्थिति में रहे इसका विशेष ध्यान रखा जावे। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, श्री विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, श्रीमती अनिता ठाकर आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम का सुविधायुक्त जलकर काउंटर शुरू

रतलाम। नगर निगम जलकर काउंटर रिनोवेशन के बाद शुरू कर दिया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि पूर्व में जलकर काउंटर काफी अस्त-व्यस्त होकर खस्ता हाल में था। रिकॉर्ड भी खराब हो रहा था उक्त सभी कारणों से कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब जलकर रेनोवेशन का कार्य पूर्ण करवाया जा चुका है। रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के लिए काउंटर के ऊपर हॉल का निर्माण करवाया गया है। इसके अलावा कंप्यूटर व कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था के लिए फर्नीचर व पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है।

नई दुनिया
3-1-2021

# अनुपस्थित तीन ड्राइवर व छह हेल्पर होंगे सेवा से बर्खास्त

## स्पॉट फाइन दल के अनुपस्थित कर्मचारियों पर भी होगी कार्रवाई, निगमायुक्त ने दिए निर्देश

3-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने वाले नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर व हैल्पर को सेवा से बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए।

निगम आयुक्त ने सुबह निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्राइवरों व हैल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा। जांच उपरांत तीन ड्राइवर व छह हेल्पर बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया। कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर राहुल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम-सुंदरलाल, दीपक-लच्छूलाल, विशाल-मुकेश, मुकेश-गोवर्धन, गोपाल-दिलीप व जितेंद्र-बंशूलाल को सेवा से बर्खास्त किया। इसी प्रकार स्पॉट फाइन के कर्मचारी मनोज-सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश-अनिल शिंदे, मनोज-गोपीनाथ झांझोट, मनीष आदिवाल व प्रमोद चारेल को बिना सूचना स्थल पर अनुपस्थित रहने पर का वेतन काटा जाकर सेवा से किए जाने के लिए कारण सूचना-पत्र जारी किया गया।



नगर निगम परिसर में जानकारी लेते हुए आयुक्त सोमनाथ झारिया। ● नईदुनिया

निगम आयुक्त झारिया की अनुपयोगी सामग्री से वाहन व डंपर बनाने के लिए सामग्री क्रय करने की कार्यवाही निर्देश संबंधित को दिए। इस उपायुक्त विकास सोलंकी, यंत्री जीके जायसवाल, एम अरविंद दशोत्तर, स्वास्थ्य अधि सिंह, उपयंत्री बीएल चौधरी, मरकाम, मनीष तिवारी, उद्यान धर्मेंद्र दोगाया आदि उपस्थित थे।

पत्रिका
3-1-2021

**सोमवार से चलेगा जांच का अभियान**

# दुकानदार को रखना होंगे चार डस्टबिन, नहीं तो 5 हजार जुर्माना

रतलाम. अब हर दुकानदार को दुकान के बाहर चार तरह के डस्टबिन रखने होंगे। जांच का अभियान सोमवार से निगम का स्वास्थ्य विभाग करेगा। चार डस्टबिन नहीं पाए गए तो 5 हजार का जुर्माना किया जाएगा। निगम के स्वास्थ्य विभाग को सोमवार से जांच करने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दोपहर में बैठक करके ताकीद कर दिया है।

शहर के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही सोमवार से शुरू करने जा रहा है। एक ही डस्टबिन से डालेगा उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिरिंज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर कचरे को अलग - अलग कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर कचरा डाले।

नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। टीम संबंधित के जाकर 5000-5000 हजार का जुर्माना करेगी। - **एपीसिंह**, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

जंग है जारी : शनिवार को 774 रिपोर्ट में 23 पॉजिटिव, सक्रिय मरीजों की संख्या हुई 234

# जनवरी के दो दिन में 30 नए मरीज मिले

3-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना के नए मरीज लगातार मिल रहे हैं। शनिवार को 774 रिपोर्ट में 23 नए पॉजिटिव मिले, जिसमें मेडिकल कॉलेज लैब की 486 रिपोर्ट में 21 और रैपिड एंटीजन की 288 रिपोर्ट में दो मरीज शामिल हैं। जनवरी के दो दिन में 30 नए मरीज मिले व 57 स्वस्थ हुए। इस मान से जनवरी में भी रिकवरी का प्रतिशत ज्यादा, लेकिन दिसंबर से कम है। दिसंबर के दो दिन में 42 नए केस मिले थे और 152 स्वस्थ हुए थे।

जिले में कुल 4112 मरीज संक्रमित हुए थे, जिसमें से 3780 स्वस्थ हो गए, जबकि 78 की मौत हुई। शनिवार को 28 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। एक्टिव मरीजों की संख्या 234 हो गई है। नए साल के पहले दिन से एक्टिव मरीजों की संख्या में कमी आई है, लेकिन दूसरे दिन नए मरीजों की संख्या बढ़ गई। 24 घंटे में जो नए मामले सामने उसमें शहर से ही ज्यादा मरीज हैं।

महामारी नियंत्रक डॉ.गौरव बोरीवाल ने बताया कि जनवरी में सैंपलिंग बढ़ाने पर जोर है। दो दिन से सैंपलों की संख्या में इजाफा हुआ है। इधर वैक्सीन को लेकर तैयारी चल रही है। कहां रखना और पहले किसे लगानी है, इसकी तैयारी हो चुकी है। कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

जब तक वैक्सीन नहीं आएगी तब तक सतर्कता पर ध्यान देना ही होगा। जो मरीज दोबारा पॉजिटिव आ रहे हैं, उसमें कहीं न कहीं उनकी लापरवाही जिम्मेदार है। कोरोना के मरीजों को गंभीर होने पर ही अस्पतालों में भर्ती करना है। होम

**जिले में कोरोना की स्थिति**

| तारीख | सैंपल | नए मरीज | स्वस्थ | मृत | एक्टिव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जनवरी | 593 | 07 29 | 0 | 239 | |
| 2 जनवरी | 774 | 23 28 | 0 | 234 | |



आइसोलेट करने की गाइड लाइन शासन स्तर से जारी हो गई है।

## 23 नए पॉजिटिव, कुल संक्रमित 4112

रतलाम | जिले में शनिवार को 23 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसके साथ कुल संक्रमित 4112 हो गए हैं। नए संक्रमितों में राजबाग, तिरुपति नगर, स्नेह नगर, कॉलेज रोड, दिलीप नगर, रामबाग, अमृत सागर कॉलोनी, विनोबा नगर, कोमल नगर, गांधीनगर, वृद्धाश्रम, कंडरवासा, जावरा के रानीगांव, राजा खेड़ी, ग्राम बनवाड़ा, बड़ौदा, रावटी, कुकड़ी पाड़ा, धराड़ के लोग शामिल हैं।

3-1-2021

# कर्मशाला की चेकिंग : कचरा कलेक्शन गाड़ियों के तीन ड्राइवर व 6 हेल्पर बर्खास्त

## अनुपस्थित कर्मचारी पर भी होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-1-2021

कर्मशाला के कर्मचारियों की मनमानी कार्यशैली स्वच्छता अभियान की रैंकिंग को बिगाड़ सकती है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शनिवार सुबह आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अचानक पहुंचकर चैकिंग की। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों का रजिस्टर चेक किया तो 3 ड्राइवर और 6 हेल्पर गैर हाजिर थे। आयुक्त ने कर्मशाला प्रभारी से पूछा तो पता चला किसी ने भी छुट्टी की सूचना नहीं दी थी। इस पर सभी को तत्काल सेवा से बर्खास्त कर दिया।

इसके बाद आयुक्त ने स्पॉट फाइन टीम की लोकेशन जांची तो पता चला मनोज सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश अनिल शिंदे, मनोज गोपीनाथ झांझोट, मनीष आदिवाल व प्रमोद चोरेल शनिवार को आए ही नहीं थे। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह से बात की तो बताया कि सभी बिना सूचना के अनुपस्थित हैं तो कार्रवाई की।



कर्मशाला में जांच करते आयुक्त झारिया व अन्य अधिकारी।

### इन्हें किया बर्खास्त

- ड्राइवर– राहुल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल,
- हेल्पर– बलराम सुंदरलाल, दीपक लच्छुलाल, विशाल, मुकेश गोवर्धन, गोपाल दिलीप व जितेंद्र बेजुलाल।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका----पृष्ठ ..11.....दिनांक..3...1.......2021

# 30 बीघा भूमि पर नगर निगम बनाएगा खुद की कॉलोनी

पत्रिका सोशल वैल्यू

3-1-2021



रतलाम. एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी को आवास देने के लिए योजना को शुरू कर चुके है व इसमें मध्यप्रदेश का चयन हुआ है, दूसरी तरफ नगर निगम भी शहर में करीब 30 बीघा भूमि पर करीब 1500 आवास की कॉलोनी बनाने की योजना पर काम कर रही है। फिलहाल योजना पर कागजी काम चल रहा है व सब कुछ सही रहा तो अप्रैल तक इस कॉलोनी में विकास के काम शुरू कर दिए जाएंगे।

नगर निगम ने हाल ही में शहर के अर्जुन नगर में करीब 9 बीघा भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया है। शेष 21 बीघा भूमि को फरवरी-मार्च में फसल कटने पर मुक्त कराएगी। कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के बीच दो बार चर्चा हो गई है। निगम के अधिकृत सूत्रों के अनुसार कॉलोनी काटने या बनाने के लिए निगम को बेहतर आर्किटेक्ट की तलाश है व अगले सप्ताह इसके लिए एक अधिकारी को इंदौर भेजा जा रहा है। इंदौर में ही करीब 5 से 7 आर्किटेक्ट के सामने इस योजना को रखा जाएगा।

## ऐसी होगी कॉलोनी

करीब 1500 आवास वाली इस कॉलोनी में 5 बगीचे, एक स्विमिंग पुल, दो ओपन जीम तो होंगे ही इसके साथ - साथ कॉलोनी में रहने वालों को स्वयं के मांगलिक आयोजन करने के लिए विधायक निधी से मांगलिक भवन भी बनाया जाएगा। इतना ही नहीं पक्की सड़क, ड्रेनेज प्रणाली, सुरक्षा के लिए चारों तरफ की दीवार व दो प्रमुख गेट रहेंगे। कॉलोनी के रहवासी ऊंकाला रोड से अरिहंत नगर होते हुए आनंद कॉलोनी से बाजार आ जा सके इसके लिए भी मार्ग दिया जाएगा। निगम कॉलोनी के पहले ऊंकाला रोड पर सिटी फोरलेन का निर्माण तेजी से कर रहा है। नियमित पेयजल देने की योजना की शुरुआत करने के बाद हर व्यक्ति के पास स्वयं का आवास हो यह संकल्प भी शहर विधायक चेतन्य काश्यप का है। इसी कड़ी में नगर निगम आगे बढ़ रहा है।

शहर में अनेक लोग है जिनके पास स्वयं का आवास नहीं है। इसके लिए नगर निगम की योजना है कि 1500 आवास की एक कॉलोनी बनाई जाए। इसके लिए शुरुआती चरण का काम फिलहाल चल रहा है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

इन्दौर समाचार 3-1-2021



रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सख्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चांदनी चौक, लक्कड़पीठा क्षेत्र में गंदगी व मलबा फैलाने पर विष्णु, दाउद भाई, नोबेल प्लायवुड व हर्षित पिरोदिया पर 500-500, स्टैण्डर्ड हार्डवेयर, विरेन्द्र, नरेश, शब्बीर हुसैन, अक्षय राठौर, अंकित, पंकज भाटी, हसन, राठौर रेस्टोरेंट व सुमीत पर 250-250 व राज स्टोर व पिरोदिया किराना पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# निगम आयुक्त ने 3 ड्राइवर व 6 हैल्पर किए सेवा से बर्खास्त

3-2-2021

रतलाम @ पत्रिका. नगर निगम कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्पर जो कि बिना सूचना के अपने कर्मव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है जिससे घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित होता है ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शनिवार सुबह करीब 7 बजे औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 3 वाहन चालक व 6 सहायक काम पर नदारत रहे, जिनकी सेवा तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई।

निगम आयुक्त झारिया ने सुबह निगम के कर्मशाला विभाग का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्रायवरों एवं हैल्परों की उपस्थिति पंजी को जांचा। जांच के बाद 3 ड्रायवर व 6 हैल्पर बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित स्वच्छता कार्य के तहत सेवा से बर्खास्त किया। इनके अलावा कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर राहुल तोमर, संजय अनोखीलाल व पवन मोतीलाल, हैल्पर बलराम सुन्दरलाल, दीपक लच्छुलाल, विशाल मुकेश, मुकेश गोवर्धन, गोपाल दिलीप व जितेन्द्र बेजुलाल को सेवा से बर्खास्त किया।

स्पॉट फाईन के कर्मचारी मनोज-सूरजमल टांक, पवन झांझोट, आकाश-अनील शिन्दे, मनोज-गोपीनाथ झांझोट, गनीष आदिवाल व प्रमोद चौरेल को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस–पृष्ठ 12 दिनांक 3-1-2021



# निगम आयुक्त ने संपत्तिकर काउन्टर निर्माण कार्य तेजी से करने के दिये निर्देश

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

3-1-2021

निगम आयुक्त ने रिनोवेटेड जलकर काउंटर भवन का निरीक्षण कर वहां सभी सुविधाऐं पूर्ण पाये जाने पर नये साल पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित को दिये। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः रिनोवेटेड जलकर काउन्टर का निरीक्षण निगम अधिकारियों के साथ कर वहां पर कर्मचारियों के बैठने हेतु फर्नीचर व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाऐं पूर्ण पाये जाने पर काउन्टर प्रारंभ करने के निर्देश दिये साथ ही फायर ब्रिगेड में संचालित अस्थाई काउन्टर बंद करने के निर्देश दिये। इसके अलावा निगम आयुक्त ने जलकर काउन्टर के पास निर्मित किये जाने वाले संपत्तिकर काउन्टर भवन स्थल का निरीक्षण कर पुराने ले आउट के स्थान पर बड़ी साईज के संशोधित ले आउट का अवलोकन कर कार्य तेजी व गुणवत्ता पूर्वक किये जाने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिये।

निगम आयुक्त ने इस अवसर पर वर्कशॉप का निरीक्षण कर निगम के वाहनों की मरम्मत का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि निगम के सभी वाहन चालू स्थिति में रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

नईदुनिया
इंदौर, रविवार 03 जनवरी, 20

## न्यूज गैलरी

### 72 दिनों में ठीक किए 108 वॉल्व व 500 पाइप लीकेज

रतलाम । शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 72 दिनों में 108 वॉल्व व 500 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शनिवार को पटेल कॉलोनी, गौशाला रोड गुप्ता जी के घर के सामने, राम मंदिर के बाहर, एमबी नगर व ओझाखाली नाले के पास पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत करवाई गई। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

### 71 दिनों में 108 वॉल्व व 495 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 01 जनवरी तक 108 वॉल्व व 495 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।

# गंदगी व मलबा फैलाने वालों पर लगाया जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही निगरानी



बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में जुर्माना वसूलते हुए निगम कर्मचारी। •नईदुनिया 3-1-2021

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर पवन श्रीमाल बाजना बस स्टैंड, संजय पंवार पर 3000-3000, लक्की कार डेकोर महू रोड पर 2000, गंगा स्वीट्स बाजना बस स्टैंड पर 1000, यादव रेस्टोरेंट बाजना बस स्टैंड पर 750, कैलाश, जितेंद्र, नरेंद्र, राजेश बाजना बस स्टैंड पर 500-500, राज टेंटिंग, विक्रमसिंह महू रोड, योगेंद्र सिंह, भेरूनाथ नमकीन पर 250-250 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे आदि द्वारा की गई।

समीक्षा

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जुटे अधिकारी

## कलेक्टर द्वारा हर दिन की जा रही समीक्षा के बाद अब बिगड़े विभागों का सुधारने लगा काम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 3-1-2021

रतलाम. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में की जाने वाली शिकायतों को लेकर कलेक्टर ने फिर से सख्ती दिखाई है। आगामी 5 जनवरी को होने वाली समाधान बैठक के पूर्व कलेक्टर ने सभी विभागों को स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने विभाग की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। शिकायतों के निराकरण को लेकर कलेक्टर द्वारा लगातार हर दिन इसकी समीक्षा भी की जा रही है।

कलेक्टर को पूर्व में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा बताया गया था कि आईसीआईसीआई बैंक द्वारा फसल बीमा से संबंधित 130 प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि उपसंचालक कृषि अपने संचालक को पत्र लिखें ताकि राज्य स्तर से बैंक के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके, इस पर विभाग ने कार्रवाई भी की।

## बैंकों को दिए नोटिस

कलेक्टर के निर्देश पर सभी बैंक को शोकॉज नोटिस जारी किए गए थे। वहीं उद्योग विभाग की योजना में ब्याज अनुदान प्राप्त नहीं होने की जानकारी दी जाने पर कलेक्टर ने शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए थे। वहीं समीक्षा के दौरान मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारी को निर्देशित किया था कि उनकी शिकायत 875 दिनों से निराकरण से लंबित हैं।

# आज स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जावेगी

रतलाम। स्वच्छता अभियान समिति के तत्वावधान में निःशुल्क एंटी कोरोना नस्य आयुर्वेदिक औषधि प्रदर्शन शिविर का आयोजन रविवार 3 को प्रातः 9 से 10 बजे तक त्रिपोलिया गेट स्थित श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला पर रखा गया है। शिविर के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रतलाम के आयुक्त सोमनाथ झारिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी के.सी.शर्मा होंगे। शिविर में इच्छुक व्यक्ति एवं सदस्यगण सादर आमंत्रित हैं।